तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार, 3 दिसंबर 2024



8 जिले में 6604 किसानों ने बेचा 37229 मीट्रिक टन ...





9 अंचल में मौसम के मिजाज से किसान चिंतित






## खबर संक्षेप

### बंग्लादेश में हिंदुओं का नरसंहार सनातन रक्षा मंच का धरना आज

**जगदलपुर।** बांग्लादेश में हिंदुओं के नरसंहार, अत्याचार व संतों की गिरफ्तारी के विरोध में सनातनी समाज मंगलवार को विरोध,धरना-प्रदर्शन व रैली आयोजित करेगा। सनातन रक्षा मंच बस्तर के जिला संयोजक सुबीर नंदी व सह संयोजक एल ईश्वर राव ने सयुंक्त बयान में बताया कि बांग्लादेश में हिंदुओं के नरसंहार, अत्याचार व संतों की गिरफ्तारी की जा रही है। जिसकी निंदा करते हैं। मंगलवार दोपहर 1.30 बजे स्थानीय मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर के सामने धरना-प्रदर्शन उपरांत रैली के रूप में मां दंतेश्वरी मंदिर से सिरहासार चौक, जय स्तम्भ चौक, स्टेट बैंक चौक, चांदनी चौक होते हुए कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर से मिलकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### ग्राम सभा रोतमा में पेसा कानून का प्रस्ताव पारित



**जगदलपुर।** विकासखंड बस्तर के ग्राम पंचायत रोतमा के ग्रामीण सोमवार को बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचे और ज्ञापन सौंपकर पेसा कानून लागू करने की मांग की। रोतमा की ग्राम सभा में पिछले 19 अक्टूबर को पेसा कानून लागू करने का प्रस्ताव पारित किया गया है। लेकिन सचिव के द्वारा इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई है। कलेक्टोरेट में ग्राम सभा में सभापति रहे वयोवृद्ध 75 वर्षीय मनबोध बघेल भी आए थे। सर्व आदिवासी समाज के नेता पूर्व विधायक राजाराम तोड़ेम तथा जिलाध्यक्ष दशरथ कश्यप ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि ग्रामवासी पेसा कानून लागू करना चाहते हैं इसलिए वे इतनी दूर चलकर जगदलपुर पहुंचे हैं, लेकिन बस्तर में जहां 5वीं अनुसूची और पेसा कानून लागू है वहां अफसरशाही इसे अमल में नहीं लाना चाहते। यही कारण है कि गांव-गांव में विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है, जबकि गांव के लोग इस कानून के लागू होने से व्यवस्था और ग्राम सभा की ताकत मजबूत होने से लोगों को लाभ मिलने की सोच रखते हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से ग्रामीणों की मंशानुसार ग्राम सभा में पारित पेसा कानून को जल्द से जल्द अमल में लाने की मांग की है। कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीणों में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं।

### बालक बुनियादी आदर्श विद्यालय का अधीक्षक निलंबित

**नारायणपुर।** बालक बुनियादी आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आवासीय परिसर गरांजी के प्रभारी अधीक्षक ओंकार सिंह ठाकुर को प्रथम दृष्टया शासकीय कर्तव्य के निर्वहन में लापरवाही बरतने एवं पदीय कर्तव्यों के पालन में अशिष्टता तथा संव्यवहार में गंभीर लापरवाही बरतने के कारण कलेक्टर बिपिन मांझी द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। अनुविभागीय दण्डाधिकारी नारायणपुर द्वारा उनके विरुद्ध प्राप्त शिकायत के संबंध में जाँच कराया गया। जाँच में ओंकार सिंह ठाकुर को शिकायत सही पाया गया। उपरोक्त कृत्य सिविल सेवा आचरण नियम, 1965 के नियम 3 (एक), 3-क के विपरीत होने के फलस्वरूप ओंकार सिंह ठाकुर मूल पद शिक्षक एलबी एवं प्रभारी अधीक्षक, बालक बुनियादी आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आवासीय परिसर गरांजी को सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में ओंकार सिंह ठाकुर शिक्षक एलबी, प्रभारी अधीक्षक का मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ओरछा नियत किया गया है। उन्हें निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।


# अभाविप ने सेमेस्टर परीक्षा तिथि को बढ़ाने एवं छात्रावास प्रवेश के लिए कुलपति को सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता आगामी जुलाई दिसंबर सेमेस्टर परीक्षा फॉर्म तिथि बढ़ाने एवं आत्मानंद महाविद्यालय के छात्राओं को छात्रावास उपलब्ध कराने सोमवार को कुलपति के नाम कुलसचिव को मांगपत्र सौंपा।

अभाविप प्रदेश सहमंत्री बस्तर जिला संयोजक शैलेष ध्रुव ने कहा कि शहीद महेंद्र कर्मा बस्तर विश्वविद्यालय बस्तर में आगामी जुलाई दिसंबर सेमेस्टर परीक्षा फार्म की अवधि बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। अभी कुछ दिन पूर्व ही विद्यार्थी परिषद द्वारा सेमेस्टर परीक्षा में फीस बढ़ोतरी को लेकर प्रदर्शन भी किया गया था। साथ ही अधिकतर विद्यार्थी सेमेस्टर परीक्षा का फॉर्म नहीं भर पाएं हैं। विद्यार्थियों का कहना है कि इस बार विश्वविद्यालय के द्वारा अत्यधिक दुगनी फीस में बढ़ोतरी के कारण परीक्षा फॉर्म भरने में आर्थिक बोझ का सामना करना पढ़ रहा है। बस्तर एक जनजाति क्षेत्र है, और बस्तर विश्वविद्यालय में अधिकतर जनजाति छात्र-छात्राएं अध्यनरत है। परंतु विद्यार्थियों की चिंता ना विश्वविद्यालय प्रशासन कर रही है, ना ही विश्वविद्यालय की कार्य परिषद दोनों अभी तक मौन बैठे हुए हैं। कुलसचिव लालवानी के द्वारा आश्वासन दिया गया है कि शीघ्र ही आत्मानंद महाविद्यालय के छात्राओं को छात्रावास उपलब्ध कराएंगे। इस दौरान गजेंद्र सोनी,निशांत, लक्ष्य, स्वाति, हेमा समेत अभाविप के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अधिकतर विद्यार्थी सेमेस्टर परीक्षा का फॉर्म नहीं भर पाए हैं



### छात्रावास में प्रवेश नहीं मिला

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय बस्तर जिले का एकमात्र अंग्रेजी माध्यम का महाविद्यालय है यहां के छात्राओं को अभी तक छात्रावास में प्रवेश नहीं मिला है, हाल ही में कुछ दिन पूर्व ही आत्मानंद महाविद्यालय के छात्रावास में विश्वविद्यालय परिसर के छात्राओं को भी प्रवेश मिल चुका है,लेकिन वास्तव में जिस आत्मानंद महाविद्यालय के लिए छात्रावास बना है, वहां के छात्राओं को अभी तक छात्रावास से वंछित रखा गया है।

## आत्मसमर्पित माओवादी को पुनर्वास नीति के तहत दी गई सहायता

# दो माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण, आमदई एरिया कमेटी के तोड़मा आरपीसी में थे सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा





जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान तथा छग शासन की पुनर्वास नीति के तहत दो माओवादियों ने समर्पण किया है। इनमें तोड़मा आरपीसी जीआरडी सदस्य दशरु कोवासी पिता स्व. माटा कोवासी उम्र लगभग 44 वर्ष जाति मुरिया निवासी तोड़मा मटासीपारा थाना बारसूर जिला बीजापुर एवं तोड़मा आरपीसी केएएमएस सदस्या पायको मांडवी पति लक्ष्मण कश्यप उम्र लगभग 31 वर्ष जाति मुरिया निवासी तोड़मा मुसकोंटापारा थाना बारसूर जिला बीजापुर शामिल हैं। पुलिस उप महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप, पुलिस उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ राकेश कुमार, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, कमाण्डेंट 195वीं वाहिनी सीआरपीएफ राजीव कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी 195वीं वाहिनी सीआरपीएफ सुभाष चंद्र प्रसाद , द्वितीय कमान अधिकारी 195वीं वाहिनी सीआरपीएफ विक्रांत वर्मा, सहायक कमांडेंट 195वीं वाहिनी सीआरपीएफ जफर आलम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन के समक्ष डीआरजी कार्यालय दन्तेवाड़ा में 2 दिसम्बर को आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण कराने में 195वीं वाहिनी सीआरपीएफ की सूचना शाखा का विशेष योगदान रहा। आत्मसमर्पित माओवादी को पुनर्वास नीति के तहत 25 हजार की सहायता राशि के साथ अन्य सुविधायें मुहैया कराई जाएगी। लोन वर्राटू अभियान के तहत अब तक 206 ईनामी सहित कुल 886 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर समाज के मुख्यधारा में जुड़ चुके हैं।

### और इधर नक्सलियों ने मोबाइल टावर में लगाई आग



**बीजापुर।** ग्राम मोरमेड़ में लगे जिओ मोबाइल टावर को नक्सलियों ने आगजनी कर घटना को अंजाम दिया है। घटनास्थल से पश्चिम बस्तर डिवीजन कमेटी के नाम एक पर्चा मिला है। मिली जानकारी के मुताबिक रविवार की देर रात्री नक्सलियों ने तोयनार थाना क्षेत्र के ग्राम मोरमेड़ में लगे जिओ मोबाईल टावर के उपकरणो को क्षतिग्रस्त कर आगजनी की घटना को अंजाम दिया है। क्षेत्र में संचार सुविधा के लिए यूएसओफ योजना के तहत ग्राम मोरमेड़ में जिओ मोबाइल टॉवर स्थापित किया गया था। इस घटना की प्राथमिक रिपोर्ट तोयनार थाने में दर्ज करवाया गया है।

# मध्यप्रदेश की शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ⏭ बकावंड

■ ढाई लाख की गोवा व्हिस्की पकड़ी गई

क्षेत्र में मध्यप्रदेश की अंग्रेजी शराब खपाई जा रही है। पुलिस ने मध्यप्रदेश की गोवा व्हिस्की बेचने वाले 2 आरोपियों को पकड़ा है। आगामी पंचायत चुनाव के मद्देनजर एसपी शलभ कुमार सिन्हा द्वारा अवैध शराब विक्रय की रोकथाम के निर्देश दिए गए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेशर नाग के मार्गदर्शन एवं भानपुरी एसडीओपी प्रवीण भारती के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी डोमेंद्र सिन्हा द्वारा थाने की टीम को क्षेत्र के ग्राम मूली की ओर रवाना किया गया था। जहां मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम करंजी कुरलुमारी पारा के पास जंगल से लगे लाडी कोठार में ग्राम खोटलापारा के डोमन नेताम व आयतू कश्यप गोवा व्हिस्की शराब बड़ी मात्रा में रखकर ग्राहकों के पास बेच रहे हैं। पुलिस टीम ने कोठार में छापा मारा। वहां से डोमन नेताम पिता स्व. रघु नेताम जाति भतरा निवासी खोटलापाल ठोठियापारा और आयतू कश्यप पिता मनबोध कश्यप जाति भतरा निवासी खोटलापाल पटेलपारा को पकड़ा गया। उन्हें हिरासत में लेकर तलाशी ली गई तो वहां 38 पेटी गोवा व्हिस्की अंग्रेजी शराब बरामद हुई। हर पेटी में 50 पौवे भरे थे। कुल 1900 पौव्वे बरामद किए गए हैं। जप्त शराब की कीमत 2 लाख 56 हजार रुपए ⏭ शेष पेज 8 पर

# मां दन्तेश्वरी एयरपोर्ट में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए 20 करोड़ की मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर





मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर बिलासपुर, जगदलपुर और अंबिकापुर एयरपोर्ट के विकास कार्यों के लिए वित्त विभाग ने 23.64 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। इससे एयरपोर्ट की इंफ्रास्ट्रक्चर और सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं को क्रियान्वित किया जाएगा। एयरपोर्ट विकास कार्य से पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इन कार्यों के शुरू होने से राज्य के एयरपोर्टों का उन्नयन और विकास एक संगठित और प्रभावी तरीके से संभव हो पाएगा। इसके परिणामस्वरूप विमानन सेवाओं में सुधार होगा और पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

मां दन्तेश्वरी एयरपोर्ट के एयरस्ट्रीप सुधार के लिए 20.40 करोड़ की राशि मंजूर की गई है। इससे एयरपोर्ट की सुरक्षा और संचालन क्षमता में तेजी आयेगी। आइसोलेशन बे का निर्माण विमान को आपातकालीन स्थिति में सुरक्षित खड़ा रखने के लिए किया जाता है,जबकि सड़क का चौड़ीकरण यातायात में सुगमता लाएगा। वायर फेंसिंग से एयरपोर्ट के चारों ओर सुरक्षा मजबूत होगी।

# इनामी सीएनएम कमाण्डर सहित तीन नक्सली गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर



जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने 10 हजार रुपए के ईनामी सीएनएम कमाण्डर व जनताना सरकार सदस्य सहित तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि नक्सलियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत जिले के मिरतुर थाना व छसबल 15 ई कंपनी चेरली की संयुक्त टीम साप्ताहिक बाजार प्रबंध पिनकोंडा एरिया डॉमिनेशन पर निकली थी। वापसी के दौरान पाटलीगुडा पुलिया के पास दो संदिग्ध व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखकर भागने का प्रयास कर रहे थे। जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। इनमें जन मिलिशिया सदस्य सुरेश कारम पिता स्व. कोसा कारम उम्र 24 निवासी हुर्रेपाल व जन मिलिशिया सदस्य राजेश माड़वी पिता स्व. मंगू माड़वी उम्र 23 निवासी हुर्रेपाल शामिल है। इनके पास रखे थैला की चेकिंग करने पर 5 किलो का टिफिन बम, कॉर्डेक्स वायर बरामद किया गया है। वही थाना नेलसनार की टीम द्वारा बोदली मरी नदी के किनारे से जनताना सरकार सदस्य व सीएनएम कमाण्डर दशरथ हेमला पिता वेल्ला उर्फ मंगू उम्र 29 निवासी फुलादी कुंजामपारा थाना मिरतुर को पकड़ा गया। पकड़ा गया नक्सली 17 अप्रैल 2019 को नगर सैनिक राजूराम गोंदे की हत्या में शामिल था। जिसकी गिरफ्तार के लिए पुलिस अधीक्षक बीजापुर ने 10 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया था। पकड़े गए नक्सलियों के विरुद्ध मिरतुर व नेलसनार थाना में वैधानिक कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया है।

तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा

# दलपत सागर में होगा 7 को दीपोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



दलपत सागर में 7 दिसम्बर को दीपोत्सव के तैयारियों का जायजा लेने कलेक्टर हरिस एस सोमवार की सुबह आईलैंड पहुंचे। उन्होंने दलपत सागर में नगर निगम द्वारा की जा रही सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए आईलैंड के आसपास तथा दीपोत्सव के लिए चिन्हांकित स्थल के समीप जमे जलीय घास की सफाई करवाने के निर्देश दिए। साथ ही दलपत सागर के साइड में लगे विद्युत. प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त करने हेतु संबंधितों को निर्देशित किए।

आयुक्त निर्भय साहू ने सफाई सहित अन्य सभी व्यवस्था समय पर पूर्ण करने की बात कही। कलेक्टर ने दीपोत्सव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और गोताखोर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए । इसके उपरांत नाव के माध्यम से दलपत सागर के मध्य में स्थित शिव मंदिर का भी निरीक्षण किए। उन्होंने मंदिर क्षेत्र का जीर्णोद्धार करने सहित लाइटिंग की व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त एसडीएम भरत कौशिक नगर सेना के सेनानी एस मार्बल, आरईएस, ईएंडएम के अधिकारी सहित अन्य नागरिक उपस्थित थे।

## माड़पाल की प्राथमिक शाला और आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण

# हर महीना न्योता अनिवार्य रूप से करें: कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

संभागायुक्त डोमन सिंह ने ग्राम माड़पाल में संचालित प्राथमिक शाला और आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्राथमिक शाला माड़पाल का निरीक्षण करते हुए न्यौता भोज योजना के क्रियान्वयन की स्थिति का संज्ञान लेकर स्कूल के शिक्षकों को पंचायत प्रतिनिधियों या ग्रामीणजनों को प्रेरित कर माह में एक बार जरूर न्यौता भोज करवाने के निर्देश दिए। साथ ही स्कूल जतन योजना के तहत विकास कार्य की स्थिति, स्कूल में पेयजल व्यवस्था, मध्याह्न भोजन, स्कूल स्टाफ, पंजीकृत बच्चों की और उपस्थित बच्चों की जानकारी शिक्षकों से ली। उन्होंने सभी कक्षाओं का भी निरीक्षण किया और बच्चों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता का भी आंकलन किया। उन्होंने चौथी-पांचवी कक्षा के विद्यार्थियों से सामान्य ज्ञान, गणित से संबंधित प्रश्न पूछे जिसे बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ जवाब दिया। साथ ही विद्यार्थियों से शिक्षा विभाग द्वारा प्रदाय की जाने वाली पाठ्य सामग्री, गणवेश की प्राप्ति की जानकारी ली। कमिश्नर ने अपने भ्रमण के दौरान माडपाल के आंगनबाड़ी केंद्र का भी जायजा लिया।





### समय-सारिणी के अनुसार संचालित करें आंबा केंद्र

निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने दूरभाष से संपर्क कर संबंधित अधिकारी को आँगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के लिए शासन द्वारा निर्धारित समय -सारणी के अनुसार संचालित करने के निर्देश दिए। केंद्र में बच्चों को दी जा रही शिक्षण सुविधाओं, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, आंगनबाड़ी केंद्र की रसोई घर का भी जायजा लिया।


## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9149027841

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप

### लाईवलीहुड कॉलेज में कार्यशाला कल होगी

**जगदलपुर।** भारत सरकार द्वारा घोषित 'आत्म निर्भर अभियान' 'के अन्तर्गत खाद्य प्रशस्करण उद्योग मंत्रालय भारत सरकार के प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन (पीएमएफएमई) योजना व सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्योग मंत्रालय द्वारा पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों की सहायता के लिये प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना इस योजना का मुख्य उद्देश्य कारीगरों को कौशल प्रशिक्षण, उपकरण, विपणन समर्थन एवं वित्तीय सहायता प्रदान किया जाना है। योजना अंतर्गत हितग्राहियों को अधिकतम 50 लाख रुपए तक निर्धारित ब्याज दर पर ऋण सहायता भी उपलब्ध कराई जायेगी। जिसमें 35 प्रतिशत तक अनुदान का प्रावधान है। इस हेतु योजना के प्रचार-प्रसार के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द, जगदलपुर द्वारा 4 दिसम्बर को 11 बजे से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन लाईवलीहुड कॉलेज, आड़ावाल में किया गया है। योजना के अन्तर्गत स्वरोजगार तथा स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने वाले ईच्छुक आवेदक योजना की जानकारी विभागीय अधिकारियों से प्राप्त कर सकते हैं।

### साहित्योदय सम्मेलन में बस्तर के साहित्यकार होंगे शामिल

**जगदलपुर।** 4 और 5 दिसम्बर को साहित्योदय परिवार का सम्मेलन हरिद्वार में होने जा रहा है। सम्मेलन देश के साहित्यकार शामिल होंगे। जिसमे उत्तराखंड झारखंड, पंजाब, छत्तीसगढ़, मप्र के साहित्यकार सम्मलित होंगें। साहित्योदय सम्मेलन का उद्देश्य सनातन धर्म और हिन्दू संस्कृति के ग्रंथों को और सरल सहज बनाना है ताकि जन-सामान्य तक इसकी पहुंच हो। वृंदावन में हुए सम्मेलन में पिछले वर्ष संपूर्ण भागवत को 225 साहितयकारों ने पद्य रुप में बदल डाला जिसे कृष्णायन के नाम से प्रकाशित किया गया। इस बार सम्मेलन में पुरे शिवपुराण को पद्य रुप में प्रकाशित किया जायेगा। इस महासम्मेलन का उद्घाटन योग गुरु बाबा रामदेव करेंगे। इसकी जानकारी डॉ सुषमा झा ने दी है।

### बैडमिंटन स्पर्धा में भाग लेने राज्यभर से पहुंचे खिलाड़ी



**बचेली।** जिला मुख्यालय इनडोर स्टेडियम में सोमवार को राज्य स्तरीय सीनियर्स बैडमिंटन टूर्नामेन्ट में भाग लेने प्रदेशभर से खिलाड़ी दंतेवाड़ा पहुंचे। 18 वर्ष से अधिक लगभग 150 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे । जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने ठहरने के लिए होटल लॉज और भोजन की व्यवस्था स्टेडियम परिसर में निःशुल्क व्यवस्था की है। शनिवार को डीआईजी पुलिस कमलोचन कश्यप, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा और एडिशनल एसपी स्मृतिक राजनाला की उपस्थिति में विजेताओं उपविजेताओं को प्रदान की जाने वाली ट्रॉफी का अनावरण किया। वहीं शिक्षा विभाग से जुड़ी महिला वॉलिंटियर्स को आईकार्ड का वितरण किया। इस दौरान जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी, सचिव अमलेंदु चक्रवर्ती, संतोष सिंह, दीपक रॉय, नीलम साहू, राजा शर्मा, सलमान, ज्योति झाड़ी, दुर्गा चंद्राकर, अनुराधा आर्या सहित अन्य मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने बकावंड ब्लॉक के धान खरीदी केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

# ओडिशा सीमा के चेक पोस्ट में वाहनों की सघन जांच करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस ने सोमवार को जिले के बकावंड विकासखण्ड अंतर्गत कोलावल, करपावंड और मूली धान उपार्जन केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर किसानों को टोकन की सुलभता, बारदाना की उपलब्धता,समय पर तौल की व्यवस्था सहित किसानों के लिए पेयजल, शौचालय एवं शेड की व्यवस्था इत्यादि का संज्ञान लिया। वहीं बारिश से धान के बचाव के लिए डनेज एवं तिरपाल की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने इस दौरान इन खरीदी केन्द्रों में किसानों द्वारा लाए गए धान की गुणवत्ता एवं नमी की जांच कर गुणवत्तायुक्त धान का उपार्जन किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ओडीसा सीमा पर स्थित चेक पोस्ट का भी जायजा लिया और अवैध धान के परिवहन रोकने लिए 24 घण्टे वाहनों की सघन जांच किए जाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कोलावल धान खरीदी केन्द्र में भिरंडा निवासी कृषक चैतू द्वारा लाए गए धान में बदरा की ज्यादा मात्रा को देखते हुए उपस्थित अधिकारियों से धान की गुणवत्ता एवं नमी की जांच करवाया और उक्त धान को साफ कर विक्रय हेतु लाने की समझाइश किसान को दी। उन्होंने यहां पर अन्य किसानों से खरीदे गए धान का तौल करवाकर भी देखा और किसानों के उपज का सही तौल किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने किसानों से रूबरू होकर टोकन के आधार पर रकबा एवं धान की मात्रा के बारे में पूछा। साथ ही इन किसानों के धान की गुणवत्ता एवं नमी की जांच करवाकर धान की खरीदी किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान खाद्य, मार्कफेड के अधिकारियों सहित तहसीलदार बकावंड नीतिश वर्मा और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### बारिश से धान के बचाव के लिए डनेज एवं तिरपाल की व्यवस्था करें

#### गुणवत्ता एवं नमी की जांच करवाई

कलेक्टर ने करपावंड धान खरीदी केन्द्र में भी किसानों से चर्चा की और धान का रकबा, टोकन एवं विक्रय हेतु लाए गए धान के बारे में पूछा। वहीं किसानों को धान की सफाई करने सहित सुखाकर लाने की समझाइश दी। उन्होंने यहां पर भी किसानों के धान की गुणवत्ता एवं नमी की जांच करवाई। कलेक्टर ने धान विक्रय करने वाले किसानों से दुबारा टोकन नहीं लेने सम्बन्धी जानकारी लेकर उनका रकबा समर्पण करवाने के निर्देश दिए।



#### ओडिशा राज्य की सीमा पर 24 घण्टे निगरानी रखें

कलेक्टन ने कोलावल चेक पोस्ट में सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। ओडीसा राज्य की सीमा पर अवस्थित चेक पोस्ट में सीसीटीवी एवं तैनात कर्मचारियों तथा अन्य व्यवस्था की जानकारी ली और ड्यूटी रोस्टर के आधार पर कर्मचारियों को उपस्थित रहकर वाहनों की सघन जांच कर अवैध धान के परिवहन रोकने की दिशा में सजगता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने पूरे 24 घण्टे निगरानी रखे जाने कहा और वन विभाग के बदले गए कर्मचारियों की तत्काल ड्यूटी में उपस्थिति सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए।

#### बारदाने की ली जानकारी

सभी धान खरीदी केन्द्रों में प्रति दिन की उपार्जन लिमिट के सम्बंध में पूछा और गांवों एवं हाट-बाजारों में मुनादी के माध्यम से प्रचार-प्रसार कर किसानों से निर्धारित अवधि के दौरान धान विक्रय हेतु लाने के बारे में अवगत कराने कहा। जिससे बाद में लिमिट बढ़ाने की जरूरत न हो। उन्होंने बारदाना की उपलब्धता के सम्बंध में जानकारी ली और बराबर अनुपात में नए एवं पुराने बारदाने में धान खरीदी किए जाने के निर्देश दिए।

# प्रधानमंत्री मोदी की योजना से लाभान्वित हो अधिक से अधिक वरिष्ठजन : आलोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- पत्रकार भवन में आयुष्मान वंदन वय कार्ड बनाने दो दिवसीय शिविर का आयोजन, पहले दिन बने 37 कार्ड



स्थानीय मोतीलाल नेहरू वार्ड स्थित पत्रकार भवन में सोमवार को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड अपग्रेड करने दो दिवसीय शिविर का आयोजन शुरू किया गया, जिसमें पहले दिन 29 आयुष्मान कार्ड अपग्रेड किये गये, जिससे उन सभी कार्ड धारक वरिष्ठ जनों को अब पांच लाख रुपये निशुल्क उपचार की सुविधा का लाभ मिलेगा। शिविर का संचालन 3 दिसम्बर को भी सुबह 10:30 बजे से शाम 4 बजे तक होगा।

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्षीय व अधिक आयु के नागरिकों के लिये आयुष्मान वय वंदन कार्ड बनाया जा रहा है। वार्ड पार्षद व निगम राजस्व सभापति आलोक अवस्थी ने कहा कि केन्द्र सरकार की जन स्वास्थ्य से जुड़ी महती योजना का लाभ अधिक से अधिक वरिष्ठ जनों को मिल सके, इस हेतु स्वास्थ्य विभाग से संपर्क कर वार्ड में शिविर आयोजित किया गया है। जिसमें शहर के अन्य वार्ड के वरिष्ठ नागरिक भी आयुष्मान कार्ड अपग्रेड कराने पहुंच रहे हैं। सभी लाभान्वित हो, यह प्राथमिकता है।

आयुष्मान कार्ड जिला समन्वयक पृथ्वी साहू ने कहा कि 70 वर्ष व उससे ऊपर उम्र के नागरिकों ने आयुष्मान वंदन वय कार्ड का लाभ मिले, इस हेतु शिविर सहित व्यापक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है।

पत्रकार भवन शिविर स्थल में आयुष्मान कार्ड अपग्रेड कराने आये वरिष्ठ नागरिक अनिता राज, कस्तूरी मिश्रा, सूरज साहू, दीपक नाथन, सुमंगला राज, केशर मिश्रा, जगदीश मण्डन, बीएस ठाकुर ने प्रसन्नता जाहिर की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। शिविर संचालन में सहयोग करने देवेंद्र ठाकुर,अंकित राय, विक्रम सिंह यादव, विनय राजू, अच्युत सामंत, जसराज जैन, दिनेश केजी, पंकज त्रिवेदी, पलविंदर जोहल, अनिल श्रीवास,पीयूष शुक्ला, अनंत दुबे, रोहन अईच, महेन्द्र समरथ, सुमीत नवतानी, अथर्व दुबे आदि मौजूद रहे।

# छग की बेटी दिव्या ने जीती म्यू थाई चैंपियनशिप, हांगकांग में कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ईस्ट एशिया म्यू थाई चैंपियनशिप हांगकांग में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहीं छत्तीसगढ कि बेटी दिव्या अग्रवाल ने कांस्य पदक अपने नाम कर भारत व छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया।

आईओसी से मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय म्यू थाई संस्था आईएफएमए और एशियाई संस्था एफएएमए के तत्वावधान में हांगकांग में आयोजित ईस्ट एशिया म्यू थाई चैंपियनशिप में यूनाइटेड म्यू थाई एसोसिएशन इण्डिया के माध्यम से भारत का प्रतिनिधित्व कर रही ब्लू कॉर्नर से रायपुर की कु. दिव्या अग्रवाल का सेमीफाइनल में रेड कार्नर से हांगकांग की खिलाड़ी होई ई वॉन्ग से मुकाबला हुआ।



उपरोक्त जानकारी देते हुए राज्य म्यू थाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू और महासचिव अनीस मेमन ने बताया कि फाइनल प्रवेश के लिए जोर आजमाइश करते बगैर चेस्ट गार्ड के खेले जाने वाले फुल कॉन्टैक्ट गेम में दोनो महिला खिलाड़ियों ने पूरा जोर लगा दिया। पंच, किक, नी, एल्बो के विभिन्न अनवरत वार करते हुए दोनो खिलाड़ी जबरदस्त खेल रहे थे। भारत की दिव्या अग्रवाल को दो कॉउंट मिलने के बाद प्लेयर सेफ्टी पॉवर का उपयोग करते हुए सेन्टर रेफरी ने मुकाबला वही रोक हांगकांग की खिलाड़ी को विजेता घोषित किया और दिव्या अग्रवाल को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

# टेनिस बाल क्रिकेट स्पर्धा में कस्तूरी बना विजेता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विहिप बजरंग दल नगरनार प्रखंड ग्राम समिति मोरठपाल के तत्वाधान में स्व. मोहनलाल नाग पूर्व प्रखंड सहसंयोजक बजरंग दल के स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें प्रथम पुरस्कार 31000 रु, द्वितीय पुरस्कार 15000 रु और ट्राफि रखी गयी थी। इस क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता को 21 नवम्बर से प्रारम्भ किया गया था जिसमें 16 टीम ने भाग लिया और फाइनल मैच मारकेल और कस्तूरी के बीच खेला गया। जिसका अंतिम परिणाम प्रथम विजेता कस्तुरी ने जीता और द्वितीय विजेता मारकेल रहा। आयोजन के मुख्य अतिथि रहे विहिप जिला अध्यक्ष हरि साहू ने कहा विहिप पदाधिकारी रहे बजरंगी स्व मोहन लाल को श्रद्धा सुमन करने के उद्देश्य से क्रिकेट का आयोजन किया गया, साथ ही युवाओं को खेल के प्रति रुचि लाना और प्रोत्साहित करना भी था। खेल समाज का अभिन्न अंग है,खेल से शारीरिक विकास के साथ ही व्यक्तित्व का विकास भी होता है। खेल में बेहतर प्रदर्शन आपको एक दिन जिले,राज्य,और देश के लिए प्रतिनिधित्व का अवसर मिलता है। जिसके लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए।

इस आयोजन में जिला उपाध्यक्ष प्रेम चालकी, प्रखंड अध्यक्ष कैलाश ठाकुर, महादेव बघेल सरपंच गारावंड खुर्द विहिप वरिष्ठ सदस्य, प्रखंड उपाध्यक्ष धनपति बाज,अशोक देवांगन, प्रखंड सहमंत्री बिरेंद कच्छ, प्रखंड सेवा प्रमुख शेखर देवांगन, सुरेश कश्यप प्रखंड संयोजक, सुकमन नागेश प्रखंड धर्म प्रचार प्रमुख, सुनिल सेठिया उप सरपंच,चंदर सेठिया बूथ अध्यक्ष मोरठपाल व ग्राम समिती के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बारिश की संभावना को देखते धान की सुरक्षा के लिए कवर लगाएं : कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

- माड़पाल धान खरीदी केन्द्र और आयुष्मान आरोग्य मंदिर पहुंचे
- उप स्वास्थ्य केंद्र की स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा



कमिश्नर डोमन सिंह सोमवार को जगदलपुर विकासखंड के निरीक्षण दौरे में ग्राम माड़पाल के धान खरीदी केन्द्र और आयुष्मान आरोग्य मंदिर पहुंचे। माड़पाल धान खरीदी केन्द्र में धान खरीदी की स्थिति का जायजा लेकर खरीदी केंद्र प्रभारी को बारिश की संभावना को देखते हुए धान को कवर करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने केंद्र में बारदाना की उपलब्धता, प्रत्येक शनिवार समिति की बैठक की स्थिति का भी संज्ञान लिया। साथ ही धान बेचने पहुंचे किसानों से भी चर्चा कर फसल की गुणवत्ता का आंकलन किया । कमिश्नर ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र की स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही माड़पाल क्षेत्र में आयुष्मान कार्ड बनाने के लंबित प्रकरणों को शिविर लगाकर निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा मोतियाबिंद की जाँच और उपचार कार्य में दोनों आखों की दिक्कत वाले मरीज़ों को उपचार में प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उप स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी की सुविधा, संस्थागत प्रसव की सुविधा, दवाईयों की उपलब्धता, साफ सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया । कमिश्नर ने केंद्र की बेहतर सफाई व्यवस्था की सराहना की। केंद्र में पहुंचे मितानिनों से भी कमिश्नर ने भी संवाद कर योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर ज़ोर दिया ।

## लखमा ने पोटाकेबिन आश्रम के बच्चों से की चर्चा

**जगदलपुर।** विधायक कवासी लखमा कोंटा विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर पोटा केबिन छात्रावास के बच्चों की खान-पान रहन-सहन स्वास्थ्य सुविधा से संबंधित उनकी व्यवस्था पर बच्चों से जानकारी ली। उन्होंने पढ़ने का मतलब शिक्षा पढ़ना लिखना ही नहीं बल्कि हमारे जीवन की कार्यशैली कैसी होनी चाहिए हमें कैसा रहना चाहिए यह ही शिक्षा का महत्व है। अपने अनुभव और अपने अंदाज में बच्चों का मार्गदर्शन किया। इस दौरान पूर्व राजेश नारा, सुनील यादव एवं अन्य मौजूद थे।



# महाविद्यालय के विद्यार्थियों को वैश्विक बीमारियों से बचने का फंडा बताया



- रेड रिबन क्लब अंतर्गत मनाया गया उन्मुखीकरण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब क्लब के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता मुकुंद दीवान काउंसलर एवं आईसीटीसी इंचार्ज, जिला निरीक्षण अधिकारी, जिला एड्स नियंत्रण कार्यक्रम उपस्थित थे। मुख्य वक्ता ने अपने उद्बोधन में एड्स जैसी वैश्विक बीमारी तथा उसके विभिन्न माध्यमों से संक्रमण एवं किस प्रकार से उसकी रोकथाम की जा सकती है, इस विषय पर अपना उद्बोधन दिया।

मुख्य वक्ता ने आगे एआरटी थेरेपी के बारे में भी समझाया, उन्होंने अपने व्याख्यान में एचआईवी, एड्स से संबंधित विभिन्न भ्रांतियां को दूर करने का प्रयास किया एवं यह भी बताया कि किस प्रकार स्वानुभूति की भावना समुदाय के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अतुल त्रिवेदी ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को एचआईवी वायरस की संरचना तथा उसकी क्रियाविधि एवं किस प्रकार एनएसीओ तथा रेड रिबन क्लब इसके संक्रमण को कम करने एवं जागरूकता फैलाने का कार्य कर रहे हैं, यह भी बताया। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मुख्य वक्ता से एचआईवी एड्स विषय से संबंधित विभिन्न प्रकार की जिज्ञासाओं एवं समस्याओं से संबंधित प्रश्न भी किए। इस कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन महाविद्यालय की रेड रिबन क्लब की प्रभारी मनीषा टाइगर ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन राहुल महावर के द्वारा किया गया।

इस दौरान आइक्यूएसी प्रभारी डॉक्टर रवि द्विवेदी, रेड क्रॉस प्रभारी सचिन सिंह राजपूत, आईआईआईसी प्रभारी सुश्री किरण साहू एवं डॉ नीलेश तिवारी, मुकेश यादव, मृगेंद्र देवांगन, कुमारी श्रुति देवांगन, भूमिका नाग एवं सौम्या ताम्रकार, तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## आज स्वार्थपरक मित्रता रह गई, स्वार्थ पूरा होते मित्रता खत्म

# सुदामा चरित की कथा सुन भावविभोर हुए श्रोता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





शहर में पिछले 5 दिनों से लालबाग मैदान में आयोजित धार्मिक आयोजन से समूचा नगर धार्मिक वातावरण से ओतप्रोत है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी लालबाग मैदान में आयोजित धार्मिक कथा में श्राद्धालुओ की भीड़ उमड़ रही है। सोमवार को श्रीमद भागवत कथा में सुदामा चरित्र के वर्णन के साथ हुआ। कथाव्यास द्वारा सुदामा चरित्र का वर्णन किए जाने पर पंडाल में उपस्थित श्रोता भाव-विभोर हो गए। कथाव्यास ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता करो, तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी करो। सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही मदद कर दे। परंतु आजकल स्वार्थ की मित्रता रह गई है। जब तक स्वार्थ सिद्ध नहीं होता है, तब तक मित्रता रहती है। जब स्वार्थ पूरा हो जाता है, मित्रता खत्म हो जाती है।

कथा व्यास नारायण महाराज ने कहा कि एक सुदामा अपनी पत्नी के कहने पर मित्र कृष्ण से मिलने द्वारकापुरी जाते हैं। जब वह महल के गेट पर पहुंच जाते हैं, तब प्रहरियों से कृष्ण को अपना मित्र बताते है और अंदर जाने की बात कहते हैं। सुदामा की यह बात सुनकर प्रहरी उपहास उड़ाते है और कहते है कि भगवान श्रीकृष्ण का मित्र एक दरिद्र व्यक्ति कैसे हो सकता है।

प्रहरियों की बात सुनकर सुदामा अपने मित्र से बिना मिले ही लौटने लगते हैं। तभी एक प्रहरी महल के अंदर जाकर भगवान श्रीकृष्ण को बताता है कि महल के द्वार पर एक सुदामा नाम का दरिद्र व्यक्ति खड़ा है और अपने आप को आपका मित्र बता रहा है। द्वारपाल की बात सुनकर भगवान कृष्ण नंगे पांव ही दौड़े चले आते हैं और अपने मित्र सुदामा को रोककर गले लगा लिया।

